मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26,किसान भवन,अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011
Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel. : 0755-2553429

क्रमांक/बी-5/2/एगमार्कनेट/2023-24/ 784 भोपाल, दिनांक 27 दिसम्बर 2023

प्रति,

संयुक्त संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा।

विषयः-भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर डाटा रिपोर्टिंग के संबंध में।
संदर्भः-उप कृषि विपणन सलाहकार भारत सरकार का ई-मेल दिनांक 21/12/2023 एवं नई दिल्ली भारत सरकार से दिनांक 22/12/2023 को सम्पन्न वर्चुअल मीटिंग।

-0-

उल्लेखित विषय के संदर्भ में दिनांक 22/12/2023 को प्रात: 11:30 बजे विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय (DMI) भारत सरकार के साथ सम्पन्न वर्चुअल मीटिंग में उप कृषि विपणन सलाहकार द्वारा अवगत कराया गया कि जिन राज्यों की अपनी स्वयं की बाजार सूचना आईटी प्रणाली/प्लेटफार्म विकसित है उसे एपीआई से एगमार्कनेट पोर्टल से जोड़ा गया है, अर्थात मण्डी बोर्ड भोपाल की ई-अनुज्ञा प्रणाली को एपीआई वेब सर्विस के माध्यम से एगमार्कनेट पोर्टल से जोड़ने की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है।

इस सुविधा के आरम्भ होने से अब मध्यप्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों की दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी ई-अनुज्ञा पोर्टल के माध्यम से सीधे भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर अपडेट होगी जिसके परिणामस्वरुप अंचल की मण्डी समितियों के इस कार्य में लगे मण्डी कर्मियों को अब अपनी दैनिक आवक एवं भाव की डाटा रिपोर्टिंग एगमार्कनेट पोर्टल पर पृथक से नहीं करना पड़ेगी।

अत: निर्देशित किया जाता है कि भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर डाटा रिपोर्टिंग कार्य में लगे आपके अंचल की मण्डी समितियों के प्रति मण्डी एक योग्य व दक्ष कर्मचारी को ई-अनुज्ञा पोर्टल में दैनिक रुप से दर्ज होने वाली समस्त उपजों/जिन्सों की आवक मात्रा एवं भाव (न्यूनतम/उच्चतम/मॉडल) की जानकारी की नियमित जांच, मिलान,

त्रुटि सुधार व मॉनिटरिंग के कार्य में लगाया जाना सुनिश्चित करें ताकि भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर प्रदेश की मण्डी समितियों की सही, वास्तविक एवं त्रुटिरहित दैनिक आवक मात्रा एवं भाव की जानकारी त्वरित रुप से अपलोड हो सके।

अंचल की समस्त मण्डी समितियों में यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाये।

27/12/23

(श्रीमन् शुक्ला)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी-5/2/एगमार्कनेट/2023-24/785 भोपाल, दिनांक 27 दिसम्बर 2023

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(1) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

(2) अतिरिक्त सचिव (विपणन), भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली - 110001।

(3) श्री बी.के.प्रुष्टि, उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, भारत सरकार फरिदाबाद।

(4) उप कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, 245, द्वितीय तल, महाराणा प्रताप नगर, जोन-2 भोपाल।

(5) श्री मुर्शरफ सुल्तान, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक एवं State Project Coordinator भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, प्रथम तल, सतपुड़ा भवन भोपाल।

(6) संयुक्त संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

(7) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति समस्त (म.प्र.)।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल